Chapter – 4

How to Display data on data grid

Display data on data grid

डाटा ग्रिड में डाटा को प्रदर्शित किस प्रकार किया जाता है

डाटाग्रिड में डाटा को प्राप्त करना (Data Receiving in Data Grid) : यहाँ पर हम प्रोग्रामर की सहायता के लिए एक ऐसा उदाहरण बना रहे हैं, जहाँ पर डाटा को प्राप्त किया जा सके। इसके लिए निम्नलिखित स्टैप्स को Follow करते हैं –

- एक नया विण्डोज एप्लिकेशन प्रोजेक्ट शुरू करते हैं तथा उसका नाम "Exam" से सुरक्षित करते हैं।
- टूलबॉक्स से OleDb Data Adapter कन्ट्रोल को ड्रैग करके फॉर्म पर ड्रॉप करते हैं, तब डाटा एडैप्टर का विजार्ड शुरू हो जाता हैं।
- विजार्ड के समाप्त हो जाने पर ट्रे में कन्ट्रोल आ जाते हैं।
- डाटा को प्राप्त करने के लिए डाटासैट की आवश्यकता होती हैं।
- डाटासैट बन जाने पर, टूलबॉक्स से डाटाग्रिड (Data Grid) कन्ट्रोल को टूलबॉक्स से फॉर्म पर बनाते हैं।
- इस कन्ट्रोल की डाटासोर्स (Data Source) प्रॉपर्टी को सिलैक्ट करते हैं, तब उसके अन्तर्गत लिस्ट आती हैं।
- इस लिस्ट से Data Set 11. Groups विकल्प को सिलैक्ट करते हैं।
- डाटा को एडैप्टर से प्राप्त करने के लिए फॉर्म के लोड इवैन्ट में निम्न प्रकार से कोडिंग करते हैं-

Private Sub Form1 Load (By Val Sender As System. Object, By Val e As System. Event Args) Handles My Base. Load

OleDb Data Adapter1.Fill (Data Set11)

End Sub

- वापस फॉर्म पर आने पर Data Grid दिखाई देता हैं।
- प्रोजेक्ट को रन कराने पर उसका आउटपुट हमें प्राप्त हो जाता हैं।
- इस उदाहरण में डेटाबेस को Data Grid के अन्दर प्राप्त किया हैं। इसी प्रकार प्रोग्रामर अपनी आवश्यकतानुसार विभिन्न कन्ट्रोल के अन्दर भी डाटा को प्राप्त कर सकता हैं।
  जैसे – DataGrid, ComboBox, ListBox, TextBox, आदि।